संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश

1, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, बाँसमण्डी चौराहा, चारबाग, लखनऊ

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पालीटेक्निक)–2022 के आनलाइन आवेदन पत्रों के सम्बन्ध में सूचना

प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ से सम्बद्ध उत्तर प्रदेश में स्थित विभिन्न राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी0/निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रम ग्रुपों में **प्रवेश हेतु परीक्षाएं दिनांक 06.06.2022 से 10.06.2022 को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आनलाइन आयोजित की जायेगी। आनलाइन आवेदन भरने की सुविधा परिषद की वेबसाइट https://jeecup.admissions.nic.in पर दिनांक 15.02.2022 से प्रारम्भ हो चुकी है।** पूर्व में आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक 17.04.2022 निर्धारित थी, जिसे व्यापक लोकहित/छात्रहित में बढ़ाते हुए 30.04.2022 कर दिया गया है। **अभ्यर्थी अब दिनांक 30.04.2022 तक आवेदन शुल्क आनलाइन जमाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।** निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात आवेदन करना सम्भव नहीं होगा तथा आवेदन प्रक्रिया केवल आनलाइन माध्यम से ही होगी। इस वर्ष प्रवेश परीक्षा हेतु अभ्यर्थी Group-A, E1 & E2, B to K व Group-L में से प्रत्येक में एक आवेदन अर्थात् अधिकतम चार आवेदन कर सकता है। किसी भी अभ्यर्थी द्वारा उपरोक्त के अतिरिक्त आवेदन प्राप्त होने की दशा में उसके एक से ज्यादा/समस्त आवेदन–पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे। अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01.07.2022 को 14 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। अधिकतम आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं है, इस प्रकार अभ्यर्थी की जन्म तिथि 01.07.2008 अथवा इसके पूर्व की होनी चाहिए। पाठ्यक्रम ग्रुपों हेतु न्यूनतम शैक्षिक अर्हता एवं अन्य विस्तृत विवरण और विवरण–पुस्तिका (Information Broucher) हेतु वेबसाइट देखें। परीक्षा के प्रवेश–पत्र परीक्षा तिथि के एक सप्ताह पूर्व डाउनलोड हेतु उपलब्ध होंगे।

परीक्षा कार्यक्रम

पाठ्यक्रम ग्रुप	परीक्षा तिथि	परीक्षा समय
ग्रुप–A (तीन एवं चार वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम) ग्रुप–E1 & E2 दो वर्षीय फार्मेसी डिप्लोमा ग्रुप–B (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग), ग्रुप–C (तीन वर्षीय फैशन डिजाइनिंग सम्बन्धित डिप्लोमा), ग्रुप–D (दो वर्षीय आफिस मैनेजमेंट एवं लाइब्रेरी साइंस), ग्रुप–F (एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बायोटेक्नॉलोजी), ग्रुप–G (एक/दो वर्षीय विभिन्न पी0जी0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम), ग्रुप–H (तीन वर्षीय होटल मैनेजमेन्ट डिप्लोमा), ग्रुप–I (तीन वर्षीय एयरक्राफ्ट इंजीनियरिंग सम्बन्धी विभिन्न पाठ्यक्रम), ग्रुप–K1 to K8 (लेटरल इन्ट्री द्वारा तीन वर्षीय विभिन्न डिप्लोमा इंजीनियरिंग /टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश)	दिनांक 06.06.2022 से 10.06.2022 तक	परीक्षा केन्द्र, समय व शिफ्ट की सूचना अभ्यर्थी के प्रवेश–पत्र पर अंकित होगी।
ग्रुप–L (पोस्ट डिप्लोमा इन इण्डस्ट्रियल सेफ्टी) (केवल साक्षात्कार के आधार पर)	साक्षात्कार की तिथियाँ पोर्टल एवं समाचार–पत्रों में प्रकाशित की जायेगी।	

प्रति ग्रुप आवेदन शुल्क–अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए : रू0 200.00
–सामान्य एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए : रू0 300.00

वर्ष–2022 में न्यूनतम शैक्षणिक/अर्हकारी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी भी उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पालीटेक्निक)–2022 में बैठने हेतु पात्र हैं, किन्तु काउन्सिलिंग के समय अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण होने की अंकतालिका/प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा अन्यथा उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। आवेदन के उपरान्त जमा किया गया शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी विभिन्न जनपदों के राजकीय/अनुदानित पालीटेक्निक संस्थाओं से आनलाइन आवेदन भरने हेतु सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

सचिव

आनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट https://jeecup.admissions.nic.in
अन्तिम तिथि 30.04.2022 हेल्पलाईन नम्बर : 0522–2630667, 2630106, 2630099